

## मेष

**01 से 06 नवम्बर तक-** घर में तो **सुख-शांति** रहेगी लेकिन किसी सगे-संबंधी के घर से कोई **अप्रिय समाचार** मिल सकता हैं जिससे घर में निराशा का माहौल रहेगा। इस दौरान आपकी माता का स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता हैं, इसलिये उनका पूरा ध्यान रखे।

**07 से 13 नवम्बर तक-** यदि आप अपने व्यापार को विस्तार देने का सोच रहे है, तो यह सप्ताह उसके लिये **उत्तम** रहेगा। इस माह आपके द्वारा किया गया कोई भी समझौता भविष्य की दृष्टि से **लाभदायक** सिद्ध होगा तथा **प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी** देखने को मिलेगी। आप अपने व्यापार एवं गृहस्थ जीवन में समृद्धि के लिये **भगवती कमला साधना** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹ 2800**

**14 से 20 नवम्बर तक-**स्कूल में पढ़ रहे छात्र अपने लिये ऐसे क्षेत्र को चुनेंगे जो भविष्य में फलदायी होंगे, लेकिन किसी भी निर्णय को लेने से पहले अपने बड़ों से अवश्य परामर्श ले। यदि आप अभी-अभी कॉलेज में गये हैं तो आपके सहपाठी आपसे द्वेष भावना रख सकते है। वे आपकी छवि को नुकसान पहुँचाने का प्रयत्न करेंगे लेकिन आप किसी तरह के वाद-विवाद से स्वयं को दूर रखे।

**21 से 30 नवम्बर तक-** मौजूदा परिस्थितियों के कारण आपको **तनाव** का शिकार होना पड़ सकता हैं। ना चाहकर भी आप स्वयं पर अत्यधिक दबाव को महसूस करेंगे। ऐसा करके आप **खुद के स्वास्थ्य** को और ख़राब ही करेंगे। सबकुछ सँभालने के चक्कर में आप स्वयं को बोझिल महसूस कर सकते हैं।

**शुभ तिथियाँ 01,12,24,28**



## वृषभ

**01 से 06 नवम्बर तक-पारिवारिक जीवन के लिये यह सप्ताह उत्तम रहने की संभावना हैं** व सभी के साथ आपका आपसी मेलझोल और बढ़ेगा। परिवार में किसी सदस्य के साथ आपका मतभेद या पुराना विवाद चल रहा हैं तो वह भी इस समय **समाप्त** हो जायेगा। **भाई या बहन में से किसी एक की नयी जॉब भी लग सकती हैं।**

**07 से 13 नवम्बर तक-**व्यापारियों को सजग रहने की आवश्यकता हैं क्योंकि इस सप्ताह आपके साथ कुछ अप्रत्याशित चीज़े घटित हो सकती हैं। इसलिये आपको पहले से ही इसके लिये तैयार रहना पड़ेगा। ऐसे में अपने चारो ओर विशेष ध्यान रखे तथा बाज़ार पर भी नज़र बनाये रखे।

**14 से 20 नवम्बर तक-**छात्रों के लिये यह सप्ताह कुछ **असामान्य** रहने की आशंका हैं। उन्हें मनचाहे परिणाम तो मिलेंगे लेकिन अपने **सहपाठियों** के द्वारा निराशा हाथ लगेगी। ऐसे में अपने दोस्तों को सब बात कहने से बचे अन्यथा आपका नुकसान हो सकता हैं। यदि आप **प्रतियोगी परीक्षा** की तैयारी में लगे हैं तो इस इस समय सफलता मिलने की आशा है। आप **आत्म दीप प्रज्जवलन साधना** सम्पन्न करें। **न्यौछावर ₹ 820**

**21 से 30 नवम्बर तक-** इस माह आपके पार्टनर को **स्वास्थ्य संबंधी समस्या** होने की आशंका हैं तथा उन्हें आपके साथ की आशा रहेगी। ऐसी कोई बात हो सकती हैं जो उनको अंदर ही अंदर निराश कर रही हो इसलिये उनसे खुलकर बात करे। **आपका साथ दोनों के बीच संबंधों को और मजबूत कर सकता हैं।**

**शुभ तिथियां 04,11,27,30**



## मिथुन

**01 से 06 नवम्बर तक-** यह माह आपके लिए **शुभ संकेत** लेकर आ रहा हैं तथा आपका अपने **परिवारवालों** के साथ संबंध और मधुर बनेगा। **घर में कोई नयी खुशी आ सकती हैं जिसमे सभी सम्मिलित होंगे।** इस माह परिवार में किसी सदस्य की नौकरी लगने की संभावना है।

**07 से 13 नवम्बर तक-** यह माह आपके लिये कई अवसर लेकर आयेगा जिससे **आर्थिक उन्नति** होगी। आपको कुछ ऐसे अवसर मिलेंगे जो व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं। आपके मित्र भी आपका सहयोग करेंगे लेकिन आप किसी चीज़ को लेकर संशय में रहेंगे। **भूमि संबंधी निवेश में लाभ मिलेगा।**

**14 से 20 नवम्बर तक- विद्यार्थी वर्ग** को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता हैं जिसका परिणाम उन्हें अंत तक मिल सकता हैं। **इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे लोगों को किसी का सहयोग भी मिल सकता हैं जिससे उनका मार्ग प्रशस्त होगा** तथा भविष्य के लिये उचित मार्गदर्शन मिलेगा। **प्रतियोगी परीक्षा** की तैयारी कर रहे छात्र अपने लिये नये आयाम स्थापित करेंगे। आप अपने जीवन में आ रही किसी भी बाधा के निवारण हेतु **बाधा निवारण महाकाल भैरव प्रयोग** सम्पन्न करें। **न्यौछावर ₹ 800**

**21 से 30 नवम्बर तक- शारीरिक रूप से कमजोरी का अनुभव कर सकते हैं** तथा माह के मध्य में **सर्दी-जुकाम** की समस्या भी हो सकती हैं। कमजोरी के कारण काम में मन कम लग पायेगा तथा आलस छाया रहेगा। ऐसे में अपने आहार को सही रखे तथा उचित समय पर भोजन करने की आदत डाले।

**शुभ तिथियां 03,07,26,29**



## कर्क

**01 से 06 नवम्बर तक**-घर में **सुख-शांति** का माहौल रहेगा तथा सभी के बीच आपसी सहयोग मे वृद्धि देखने को मिलेगी। अपना मन **सामाजिक कार्यों** में लगेगा तथा घर के सदस्य भी आध्यात्मिक कार्यों में मन लगायेंगे। **माह के अंत में घर के किसी सदस्य के विवाह का प्रस्ताव आ सकता हैं।** भाई-बहन के साथ आपके रिश्तें मजबूत बनेंगे तथा **माता-पिता का आशीर्वाद** आप पर बना रहेगा।

**07 से 13 नवम्बर तक**-व्यापारियों के लिये यह माह **उथल-पुथल** वाला होगा। उनके कुछ महत्वपूर्ण कार्य अटक सकते हैं जिससे उनमे **निराशा का भाव** रहेगा। इस सप्ताह किसी बड़े निर्णय को लेने से बचे तथा कोई नया समझौता न करे अन्यथा उससे आपको **हानि** हो सकती है। आप अपने जीवन में आ रही बाधा का निवारण हेतु आप **बाधा निवारण महाकाल भैरव प्रयोग** सम्पन्न करें। **न्यौछावर** ₹800

**14 से 20 नवम्बर तक**-छात्रों को **नये अवसर** प्राप्त होंगे। आपको अपने **सहपाठियों** का भरपूर सहयोग मिलेगा लेकिन मन **पढ़ाई** में कम लगेगा। कला के क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी इस माह अपने लिये कुछ नया करने का विचार करेंगे।

**21 से 30 नवम्बर तक**- सप्ताह की शुरुआत तो अच्छी होगी लेकिन बाद में आपका ज्यादातर समय यह सोचने में बीतेगा कि चीजें कैसे की जाये। इस कारण दिमाग के ऊपर दबाव और बढ़ेगा जिस कारण **तनाव** में जाने की भी आशंका है। इससे हासिल तो कुछ नही होगा बस आपके **मानसिक स्वास्थ्य** पर ही असर पड़ेगा।

**शुभ तिथियाँ** 03,08,10,28



## सिंह

**01 से 06 नवम्बर तक**-इस माह आप अपने परिवार के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखे। सप्ताह की शुरुआत तो अच्छी रहेगी लेकिन जैसे-जैसे महिना आगे बढ़ेगा आपके माता-पिता में से किसी एक का स्वास्थ्य बिगड़ सकता हैं। माह के अंत में परिवार में **धार्मिक आयोजन** हो सकता है जिससे सभी का मन उस ओर लगा रहेगा तथा घर का माहौल **अध्यात्मिक** रहेगा।

**07 से 13 नवम्बर तक**- आपको अपने व्यापार को विस्तार देने के कई अवसर प्राप्त होंगे तथा त्यौहारों के कारण आपकी बिक्री भी बढ़ेगी तथा कई नये समझौते भी होंगे तथा राजनीति से जुड़े लोगों को अपने लिये कुछ ऐसे अवसर प्राप्त होंगे जो दिखने में तो **लोक-लुभावने** हो सकते हैं लेकिन भविष्य में उनके लिये यह अच्छे नही रहेंगे। आप अपने व्यवसाय में समृद्धि के लिये **सहस्त्र महालक्ष्मी अष्ट सिद्धि दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर** ₹ 2600

**14 से 20 नवम्बर तक**-छात्रों का मन इस सप्ताह अपनी पढ़ाई में कम तथा घर के कामों में ज्यादा लगेगा। वे अपनी **रचनात्मकता** को बढ़ावा देने का काम करेंगे। आप कुछ ऐसे कार्यो को करेंगे जो भविष्य में लाभ पहुँचा सकते हैं। मुख्यतया उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अपने लिये नये आयाम स्थापित करेंगे जिससे उनके **माता-पिता** भी प्रसन्न होंगे।

**21 से 30 नवम्बर तक**- इस माह आपकी राशि में ग्रहों ने ऐसी स्थिति बनाई हैं जो आपके स्वास्थ्य के ऊपर **प्रतिकूल प्रभाव** डाल रही हैं। इस माह में **उच्च रक्तचाप** या **स्ट्रोक** होने की संभावना हैं। इसलिये इस दौरान मन को शांत रखे और क्रोध करने से बचे। **संयम और धैर्य से काम लेंगे तो स्थिति बेहतर होगी।**

**शुभ तिथियां** 02,07,11,28



## कन्या

**01 से 06 नवम्बर तक-गृहिणियों** के लिये यह सप्ताह **शुभ संकेत** लेकर आया हैं तथा परिवार में आपका **मान-सम्मान** और बढ़ेगा। आपके ससुराल वाले आपसे खुश होंगे व मायके से भी आपके लिये कुछ उपहार आ सकता हैं। परिवार के बड़े-बुजुर्ग **अस्वस्थ** रह सकते हैं, ऐसे में उनके स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखे। सन्तान हीन दम्पति सन्तान प्राप्ति हेतु **आदित्य नारायण छठ साधना** सम्पन्न करें जिससे आपको सन्तान एवं घर में सुख समृद्धि का विस्तार होगा। **न्यौछावर** ₹ 770

**07 से 13 नवम्बर तक**-यदि आप व्यापार करते हैं तो इस सप्ताह नये समझौते होने की संभावना हैं जिससे आपको **बड़ा लाभ** मिलेगा। आर्थिक दृष्टि से यह माह आपके लिये अत्यंत शुभ रहेगा। किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले **भगवान हनुमान** का नाम अवश्य ले।

**14 से 20 नवम्बर तक**-छात्रों को मनचाहे परिणाम पाने में समय लग सकता हैं, इसलिये निराश न हो व अपनी मेहनत जारी रखे। यदि आप **प्रतियोगी परीक्षा** की तैयारी कर रहे हैं तो किसी कारणवश मन उदास रह सकता हैं। ऐसे में निराशा को स्वयं पर हावी न होने दे व अपने सहपाठियों के साथ विचार-विमर्श अवश्य करे जिससे अवश्य आपको सहायता मिलेगी।

**21 से 30 नवम्बर तक**- विवाहित लोगों का अपने जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद सामने आयेगा लेकिन आपसी समझ के कारण वह जल्द ही सुलझ जायेगा। विवाह की प्रतीक्षा कर रहे **अविवाहितो** को अपने जीवनसाथी को पाने के लिये अभी और मेहनत करने की आवश्यकता हैं।

**शुभ तिथियां** 04,06,10,18



## तुला

**01 से 06 नवम्बर तक-** आपके लिये यह सप्ताह **शुभ** रहेगा। यदि आपका किसी के साथ मन-मुटाव हैं तो वह दूर होगा। विवाहित लोगों के लिये यह सप्ताह **जीवन को यादगार** बना देने वाला होगा। आप अपने साथी के प्रति स्नेह का भाव रखेंगे आपके घर में कोई नयी खुशी आ सकती हैं जिससे सभी का मन **आनंदित** रहेगा।

**07 से 13 नवम्बर तक-**यदि आपको पहले से कोई **बीमारी** चल रही हैं तो इस सप्ताह बिना देर किये अपने डॉक्टर से संपर्क करे और एक बार चेकअप करवा ले। इस सप्ताह में **कंपकपी, वायरल बुखार** होने की संभावना भी है। इसलिये अपने स्वास्थ्य को लेकर सचेत रहे। आप अपने पारिवारिक जीवन में आ रही किसी भी बाधा के निवारण हेतु आप **बाधा निवारण महाकाल भैरव प्रयोग** ग्रहण करे जिससे समस्याओं का निवारण होगा।

**न्यौछावर ₹ 800**

**14 से 20 नवम्बर तक-**व्यापार की दृष्टि से इस माह आपको **उतार-चढ़ाव** देखना पड़ेगा। कभी आपको लाभ होगा तो कभी घाटा होने की भी संभावना हैं। कुल मिलाकर आपको अंत में लाभ की संभावना है तथा नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को इस माह कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**21 से 30 नवम्बर तक-** स्कूल में पढ़ रहे छात्र किसी कारणवश अपनी पढ़ाई से भ्रमित हो सकते हैं तथा उनकी संगती बिगड़ सकती हैं। ऐसे में मित्र आपको गलत सलाह देंगे, इसलिये आप **विवेक** से कार्य करे व **सावधान** रहे। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र को अपने लिये ऐसे विषय के बारे में पता चलेगा जो भविष्य में जाकर उनका मार्ग प्रशस्त करेगा तथा आप अपने भविष्य को लेकर आशंकित रहेंगे।

**शुभ तिथियाँ 14,19,21,24**



## वृश्चिक

**01 से 06 नवम्बर तक-**इस सप्ताह परिवार के सदस्यों में **आपसी मेलझोल** और बढ़ेगा व घर में **सुख-शांति** का माहौल रहेगा। बच्चों की ओर से आपको **शुभ समाचार** मिलेगा व घर में किसी की उन्नति होने की भी संभावना हैं। घर में सभी सदस्य आपसे **प्रसन्न** रहेंगे तथा आपके मृदु व्यवहार से प्रभावित होंगे।

**07 से 13 नवम्बर तक-**इस सप्ताह व्यापार में आपको कुछ ऐसे अवसर प्राप्त होंगे जो दिखने में तो आकर्षित होंगे लेकिन भविष्य में यह आपको नुकसान पहुँचा सकते हैं। इसलिये किसी भी समझौते को करने से पहले उसकी अच्छे से **जाँच-परख** अवश्य करे। राजनीति के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के मन में किसी बात को लेकर शंका रहेगी। आप **दीप प्रज्जवलन साधना** ग्रहण करें। जिससे आपकी समस्याओं का निवारण होगा।

**न्यौछावर ₹ 820**

**14 से 20 नवम्बर तक-** स्कूल में पढ़ रहे छात्र अपने अध्यापक के साथ किसी **महत्वपूर्ण विषय** पर बात कर सकते हैं जो भविष्य में उनके मार्ग को प्रशस्त करेगा। तथा आपका अधुरा पड़ा काम पूरा होगा। मित्र आपसे प्रसन्न होंगे व कॉलेज में आपकी **प्रशंसा** भी होगी। यदि आप सरकारी क्षेत्र में काम करते हैं तो इस माह आपकी यात्रा करने के संयोग हैं, ऐसे में पूरी सावधानी बरते।

**21 से 30 नवम्बर तक-** यह सप्ताह आपके **स्वास्थ्य** की दृष्टि से उत्तम संकेत लेकर आया हैं। यदि आपने किसी बीमारी के लिए टेस्ट करवाया हैं तो वह **नेगेटिव** आयेगा। साथ ही यदि कोई पुरानी बीमारी चल रही हैं तो उसमे सुधार आयेगा और उससे लड़ने की इच्छा-शक्ति का विकास होगा तथा शरीर पूर्णतया स्वस्थ रहेगा।

**शुभ तिथियां 16,18,23,27**



## धनु

**01 से 06 नवम्बर तक-** यह सप्ताह परिवार के सदस्यों के बीच **मतभेदों** को उजागर करेगा। इस दौरान कोई **पुराना विवाद** जोर पकड़ सकता हैं जिस कारण आपसी **कटुता** में बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी। आपका स्वभाव **भावुकता** के साथ-साथ आवेश से भी भरा हुआ होगा और आप **क्रोध** में किसी के साथ लड़ाई को बढ़ा सकते हैं। ऐसे में आपको कम से कम इस सप्ताह अपनी **भावनाओं** पर नियंत्रण रखने की सख्त आवश्यकता है। आप **नवसिद्धि संकल्प प्राप्ति आत्म जागरण दीक्षा** ग्रहण करें। ।

**न्यौछावर ₹ 820**

**07 से 13 नवम्बर तक-**इस सप्ताह आप अपनी पढ़ाई में कम ध्यान दे पायेंगे, जिस कारण **माता-पिता** आपसे निराश रह सकते है। पिता से आपका **वाद-विवाद** होने की संभावना हैं। ऐसे में **अहंकार** को स्वयं पर हावी न होने दे तथा उनके परामर्श को ध्यान से सुने।

**14 से 20 नवम्बर तक-** यदि आपका अपने साथी के साथ किसी पुरानी बात को लेकर मतभेद चल रहा हैं तो वह इस माह **समाप्त** हो जायेगा। आप पूर्ण रूप से अपने **जीवनसाथी** के ऊपर आसक्त होंगे। अविवाहित लोगों को इस माह अपने लिये नये **विवाह के प्रस्ताव** आयेंगे लेकिन उनका मन किसी में नही लगेगा। ऐसे में आप स्वयं की **भावनाओं** पर नियंत्रण रखने का प्रयास करे।

**21 से 30 नवम्बर तक-** आपने अभी तक अपने खानपान, जीवनशैली में जो बदलाव किये थे उनका असर इस महीने दिखना शुरू हो जायेगा। महीने की शुरुआत अच्छी रहेगी और आप पहले से **ज्यादा स्वस्थ** और **तंदरुस्त** महसूस करेंगे।

**शुभ तिथियां 01,20,25,27**

PMYV



## मकर

**01 से 06 नवम्बर तक-** यह माह आपके लिये **अशुभ संकेत** लेकर आ रहा हैं तथा परिवार के ऊपर **मंगल भारी** हैं। परिवार में किसी सदस्य का **स्वास्थ्य खराब** रह सकता हैं जिससे आर्थिक खर्चों में भी बढ़ोत्तरी होगी। हालांकि सभी मिलकर इसे अच्छे से संभाल लेंगे। रिश्तेदारों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आप अपने व्यवसाय व पारिवारिक जीवन में समृद्धि के लिये **भगवती कमला साधना** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 2800**

**07 से 13 नवम्बर तक-**आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह अच्छा नही रहेगा तथा **व्यापारिक समझौते** में नुकसान होने की संभावना हैं। किसी भी निर्णय को लेने से पहले उस पर अच्छे से विचार करे। इस सप्ताह कोई **नया समझौता** करने से बचे। परिवार में बड़ों का परामर्श अवश्य सुने तथा उसे फोलों करे। घर के किसी सदस्य की नौकरी लगने की संभावना है, आप यदि सरकारी क्षेत्र में कार्यरत हैं तो यात्रा करने के प्रबल संयोग हैं।

**14 से 20 नवम्बर तक-**छात्रों को इस माह मनचाहे **परिणाम** नही मिलेंगे जिससे उन्हें **मानसिक तनाव** हो सकता हैं। आपके **अध्यापक** भी आपसे निराश रह सकते हैं जिससे माता-पिता भी आपसे नाराज होंगे। ऐसे में स्वयं का मनोबल न गिरने दे व निरंतर प्रयास करते रहे। सप्ताह के अंत में स्थिति कुछ बेहतर होने की संभावना हैं।

**21 से 30 नवम्बर तक-** जिन्हें **अस्थमा की बीमारी** हैं वे इस माह अपना विशेष ध्यान रखे। यदि आपकी उम्र चालीस वर्ष से अधिक की हैं तो माह के मध्य में जोड़ो में **दर्द की समस्या** परेशान करेगी। अपने **स्वास्थ्य** पर पूरा ध्यान दें।

**शुभ तिथियाँ 01,06,09,30**



## कुंभ

**01 से 06 नवम्बर तक-**यह सप्ताह आपके लिये अच्छा रहेगा, **सगे-संबंधियों** का भरपूर साथ मिलेगा। इस दौरान मित्र आपको उचित मार्गदर्शन देंगे जिससे आपको **सहायता** मिलेगी। घर के किसी सदस्य के साथ आपका मतभेद हो सकता हैं व किसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक भी हो सकती हैं। ऐसे में अपनों से बड़ों का परामर्श सुने तथा उनको उचित सम्मान दे।

**07 से 13 नवम्बर तक- आर्थिक दृष्टि** से यह सप्ताह उतार-चढ़ाव वाला रहेगा तथा आपको कुछ क्षेत्र में **लाभ** मिलेगा तो कुछ में **घाटा** भी उठाना पड़ेगा। नौकरी में भी आपको अपने सहकर्मियों से चुनौतियां मिल सकती हैं तथा ऑफिस में आपको लेकर राजनीति संभव हैं। सहकर्मी आपका **अहित** कर सकते हैं जिसका नुकसान आपको उठाना पड़ेगा। ऐसे में स्वयं को पहले से ही **सचेत** रखे तथा किसी भी परिस्थिति के लिये तैयार रहे। आप **बाधा निवारण महाकाल भैरव प्रयोग**करें। **न्यौछावर ₹ 800**

**14 से 20 नवम्बर तक-** यदि आप अभी स्कूल में हैं तो किसी अपने का **मार्गदर्शन** मिलेगा जो भविष्य में काम आयेगा। यदि आप अभी कॉलेज में हैं तो पढ़ाई के **अत्यधिक दबाव** के कारण **मानसिक तनाव** में रह सकते हैं। ऐसे में ज्यादा तनाव न ले अन्यथा उसका पढ़ाई पर विपरीत असर पड़ सकता है।

**21 से 30 नवम्बर तक-** इस माह आपका अपने जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्रोग्राम बन सकता हैं लेकिन कोई न कोई समस्या आती रहेगी। आपके जीवनसाथी का आपके ऊपर विश्वास और मजबूत होगा तथा आपसी संबंध मजबूत बनेंगे। आप उनके लिये कुछ **स्पेशल** करने का प्रयास करेंगे जो रिश्तो में मजबूती लायेगा।

**शुभ तिथियां 05,20,25,28**



## मीन

**01 से 06 नवम्बर तक-**इस माह परिवार में किसी सदस्य की नयी नौकरी लग सकती हैं जिससे घर में **खुशी का माहौल** रहेगा। घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा तथा सभी का आपके ऊपर **विश्वास** और बढ़ेगा। आपको परिवार में किसी सदस्य का साथ भी मिल सकता हैं जो आपके **कार्यक्षेत्र** में सहयोग देगा। आप **सौन्दर्य आकर्षण तिलोत्तमा अप्सरा दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 2600**

**07 से 13 नवम्बर तक-** आर्थिक दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिये **शुभ संकेत** लेकर आया हैं तथा कही से **आकस्मिक धन** मिलने की संभावना हैं। ऐसे में चौकन्ने रहे तथा किसी भी अवसर को हाथ से ना जाने दे। व्यापार की दृष्टि से सप्ताह आपके लिये **आरामदायक** रहेगा और आप लाभ में ही रहेंगे।

**14 से 20 नवम्बर तक-**इस सप्ताह में ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी उसका परिणाम बाद में मिलेगा। आपको अपनी **परीक्षा** या **टेस्ट** में **सफलता** मिलेगी तथा घरवालों का **आशीर्वाद** भी आप पर बना रहेगा। ऐसे में अपने सहपाठियों के साथ किसी भी तरह के वाद-विवाद से दूर रहे अन्यथा आपकी छवि को नुकसान पहुँच सकता हैं। यदि आप **कला, संगीत, फैशन** इत्यादि की पढ़ाई करते हैं तो इस सप्ताह आपके लिये **उत्तम** रहेगा।

**21 से 30 नवम्बर तक-** इस सप्ताह **अविवाहित** का किसी के प्रति आकर्षण हो सकता हैं लेकिन दूसरी ओर से **सकारात्मक** उत्तर न मिल पाने के कारण आप **निराश** हो सकते हैं। इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य पक्ष के हिसाब से **रोग प्रतिरोधक क्षमता** कमजोर रहने वाली हैं जिस कारण सामान्य **बीमारियाँ** आपको आसानी से जकड़ लेंगी।

**शुभ तिथियां 02,12,23,27**